Seventeenth Loksabha

p>

Title: Regarding creating awareness to people about coronavirus and keep a check on Ration black marketing.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरा क्षेत्र बुंदेलखंड है और पूरा देश जानता है कि वहां के किसान बहुत कठिनाई में हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को खेती करने में कठिनाई होती है, लेकिन उसके बावजूद भी वे फसल बोते हैं। लेकिन हाल ही में ओलावृष्टि के कारण वहां बहुत नुकसान हुआ है। उत्तर प्रदेश की सरकार ने उन सभी लोगों के नुकसान का आकलन करवाकर सभी डिस्ट्रिक्ट मेजिस्ट्रेट्स को बोलकर उनको पैसे देने का काम किया है। मैं आपको एक मजदूर का दर्द बताना चाहता हूं। हमारे यहां के लोग खेती से पलायन करके दिल्ली और अन्य जगहों पर मजदूरी करते हैं, उनमें से एक श्रमिक मेरे संसदीय क्षेत्र का आया और उसने कहा कि कोरोना वायरस की वजह से भ्रम फैलाया जा रहा है। हम आज राशन खरीदने गए तो यहां कालाबाजारियों के कारण से, मैं आपको उस मजदूर की बात बता रहा हूं, मजदूर ने कहा कि हमारे देश के प्रधान मंत्री पूरी दुनिया और देश की चिंता कर रहे हैं, उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी उन श्रमिकों के खाते में पैसा डाल रहे हैं, जिन श्रमिकों को छुट्टी दी गयी है। उसने कहा है कि दिल्ली में हम दाल खरीदने या कुछ भी खरीदने जा रहे हैं…(व्यवधान) मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि कालाबाजारियों की सम्पत्ति को जब्त किया जाए और किसानों और मजदूरों को जो मुआवजा दिया जाता है, उसको भारत सरकार और प्रदेश सरकार मिलकर के पूरा करे। धन्यवाद।